(ख) यदि हां, तो उसका परिणाम क्या है और उनकी अनुमानित लागत कितनी है ; और

(ग) इस को कब तक स्वीकृति दिए जाने की संभावना है ?

रेल मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री भक्त चरण दास): (क) से (ग) भारतीय इस्पात प्राधिकरण लिमिटेड (सेल) के अनुरोध पर दल्ली-राजहरा-से जगदलपुर सिलकजोहरी/दंतेवाड़ा तक रेलवे लाइन को बढ़ाने के लिए विभिन्न वैकल्पिक प्रस्तावों पर विचार किया गया था और प्रत्येक प्रस्ताव की लागत 87–88 के मूल्य स्तर पर लगभग 500 करोड़ रुपए आंकी गयी थी ।

जगदलपुर तक लाइन का निर्माण करने के लिए अपेक्षित उच्च पूंजी लागत को ध्यान में रखते हुए, इस्पात और खान मंत्रालय तथा सेल ने योजना आयोग के परामर्श से फिलहाल भिलाई इस्पात संयंत्र को लौह अयस्क की सप्लाई करने के लिए रावघाट तक लाइन का निर्माण करने का विकल्प दिया है । चूंकि दल्ली रा-जहारा से रावघाट तक रेलवे लाइन (95 कि० मी०, 87-88 के मूल्य के आधार पर लागत 88 35 करोड रुपए) की व्यवस्था केवल भिलाई इस्पात संयंत्र के लिए लौह अयस्क के परिवहन हेतु की जानी है, इसलिए इसका निर्माण तभी किया जा सकता है जब पर्यावरण और वन मंत्रालय, द्वारा परियोजना को स्वीकृति दे दी जाए तथा इस्पात एवं खान मंत्रालय तथा सेल निर्माण की लागत वहन करने के लिए सहमत हो जाये ।

Supply of additional edible oils to Tamil Nadu

1068. SHRI R. T. GOPALAN: Will the Minister of FOOD AND CIVIL SUPPLIES be pleased to state:

(a) whether Tamil Nadu Government has urged to supply additional quantity of edible oils to the State so as to bring down the high prices of oil;

(b) if so, the details thereof; and

(c) the action taken thereon?

THE MINSTER OF STATE IN THE MINISTRY OF FOOD AND CIVIL SUPPLIES (SHRI SARWAR HUSSAIN): (a) and (b) Tamil Nadu Government has requested for allotment of 13,000 MTs. edible oils per month for distribution to the cardholders in the State at the rate of 1 kg. per card per month.

(c) The allocation of imported edible oils to States/UTs is made on month to month basis depending on various factors such as demand, availability of oils with State Trading Corporation, availability of edible oils in open market etc.

अधिप्राप्ति मूल्य

1069. **श्री शंकर दयाल सिंह** : क्या **खाद्य और नागरिक पूर्ति** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) वर्ष 1990 के लिए सरकार ने विभिन्न फसलों का थोक अधिप्राप्ति मूल्य किस दर पर निर्धारित किया है ; और

(ख) सरकार ने उपरोक्त दरों पर विभिन्न स्थानों पर कितनी कितनी मात्रा में खरीदारी की है ?

खाद्य और नागरिक पूर्ति मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री सरवर हुसैन) : (क) सरकार द्वारा खरीफ़/रबी विपणन मौसम 1990-91 के दौरान गेहूं, धान और मोटे अनाजों के निर्धारित किए गए वसूली (समर्थन) मूल्य निम्नानुसार हैं :—

जिन्स	वसूली मूल्य
	(रु प्रति क्विंटल)
गेहूं	215/–
धान	
साधारण	205/–
बढ़िया	215/–
उत्तम	225/–
मोटे अनाज	180/–
(मक्का, ज्वार, बाजरा, रागी)	

(ख) विवरण संलग्न है ।